
# ''ढाई आखर''

रवीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा रचित




## "आमार देशेर माटी"

से प्रेरित

## "मेरे देश के नाम खत"

विषय पर पत्र–लेखन प्रतियोगिता

15.06.2018 से 30.09.2018






प्रतियोगिता की श्रेणियां निम्नानुसार हैं:

(I) आयु वर्ग – 18 वर्ष तक:–
- अंतर्देशीय पत्र श्रेणी (500 शब्द)
- लिफाफा श्रेणी (1000 शब्द)

(ii) आयु वर्ग – 18 वर्ष से ऊपर:–
- अंतर्देशीय पत्र श्रेणी (500 शब्द)
- लिफाफा श्रेणी (1000 शब्द)

पत्र अंग्रेजी या हिंदी या स्थानीय भाषा में लिखा जा सकता है।

अधिक जानकारी के लिए www.indiapost.gov.in पर लॉग ऑन करें।

## ढाई आखर पत्र-लेखन प्रतियोगता (राष्ट्रीय स्तरीय)

**ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता 15.06.2018 से प्रारंभ होगी और इस प्रतियोगिता के अंतर्गत पत्र भेजे जाने की अंतिम तिथि 30.09.2018 है। 30.09.2018 के बाद प्रेषित किए गए पत्रों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उक्त पत्र की स्कैन प्रति माई गव (MyGov) पोर्टल पर 30.09.2018 तक भेजी जा सकती है, तथापि यह अनिवार्य है कि इस पत्र की हस्तलिखित प्रति डाक के माध्यम से भी भेजी जाए, जिस पर डाक प्रेषण की मुहर 30.09.2018 के बाद की नहीं होनी चाहिए। ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता का विवरण निम्नानुसार है :-**

I. **विषय :** ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता का विषय रवीन्द्रनाथ ठाकुर की रचना "आमार देशेर माटी" से प्रेरित "मेरे देश के नाम खत" है। अंग्रेजी या हिन्दी या स्थानीय भाषा में लिखा गया पत्र संबंधित सर्कल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल को संबोधित किया जाए। राष्ट्रीय स्तरीय ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता की श्रेणियां निम्नानुसार हैं :-

**(i) आयु वर्ग - 18 वर्ष तक :-**

- अंतर्देशीय पत्र श्रेणी (500 शब्द)
- लिफाफा श्रेणी (1000 शब्द)

**(ii) आयु वर्ग - 18 वर्ष से ऊपर :-**

- अंतर्देशीय पत्र श्रेणी (500 शब्द)
- लिफाफा श्रेणी (1000 शब्द)

II. **आयु का प्रमाण :** प्रतिभागियों को अपने पत्र में आयु का प्रमाण पत्र देना होगा, जिसमें यह लिखा होना चाहिए कि "मैं यह प्रमाणित करता हूं कि 01/01/2018 को मेरी आयु 18 वर्ष से कम/अधिक है।" विजेता पत्रों के मामले में आयु तथा पहचान के अन्य प्रमाणों का सत्यापन संबंधित सर्कल द्वारा किया जाएगा और इस प्रक्रिया के बाद प्रत्येक श्रेणी के 3 सर्वश्रेष्ठ पत्रों को निदेशालय भेजा जाएगा।

III. **शब्दों की अधिकतम सीमा :** यह पत्र A4 आकार के सादे कागज पर लिखा जाएगा, जिनमें शब्दों की अधिकतम सीमा लिफाफा श्रेणी में 1000 शब्द तथा अंतर्देशीय पत्र के मामले में अधिकतम 500 शब्द होगी। केवल हस्तलिखित पत्रों को ही स्वीकार किया जाएगा।

IV. **अनुमेय लेखन-सामग्री (स्टेशनरी) :** इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एम्बॉस्ड लिफाफे/अपेक्षित डाक-टिकट लगे लिफाफे तथा अंतर्देशीय पत्र का इस्तेमाल किया जा सकता है।

V. ग्रामीण क्षेत्रों में यह पत्र डाक प्रेषण के प्रयोजन से स्थानीय शाखा डाकघर में लाया जा सकता है। शाखा डाकघर इस पत्र को लेखा थेले में विधिवत प्रविष्ट कर संबंधित लेखा कार्यालय (प्रधान डाकघर/उप डाकघर) को भेजेगा, जहां से इसे संबंधित सर्कल कार्यालय को प्रेषित किया जाएगा।

VI. **चयन :** प्रत्येक सर्कल द्वारा प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ 3 पत्रों को चुना जाएगा और सर्कल स्तर पर इन प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया जाएगा। सर्कल स्तर पर चुने गए पत्रों को निदेशालय भेजा जाएगा, जहां प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत इनका राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन किया जाएगा।

VII. **पुरस्कार :** इस प्रतियोगिता में प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत सर्कल स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर के विजेताओं को प्रदान की जाने वाली पुरस्कार राशि निम्नानुसार है :-

**सर्कल स्तर पर प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत विजेताओं को दी जाने वाले पुरस्कार राशि :-**

| पुरस्कार की श्रेणी | पुरस्कार की राशि |
|---|---|
| प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार | 25,000/- रुपए (पच्चीस हजार रुपए) |
| प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत द्वितीय पुरस्कार | 10,000/- रुपए (दस हजार रुपए) |
| प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत तृतीय पुरस्कार | 5,000/- रुपए (पांच हजार रुपए) |

**राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत विजेताओं को दी जाने वाले पुरस्कार राशि :-**

| पुरस्कार की श्रेणी | पुरस्कार की राशि |
|---|---|
| प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार | 50,000/- रुपए (पचास हजार रुपए) |
| प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत द्वितीय पुरस्कार | 25,000/- रुपए (पच्चीस हजार रुपए) |
| प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत तृतीय पुरस्कार | 10,000/- रुपए (दस हजार रुपए) |